संख्या ए-12023/2/2019-प्रशा.IV

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

पाँचवा तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन,
डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001

**दिनांकः 10 मई, 2019**

सेवा में,

1. सभी उच्च न्यायालयों के महारजिस्ट्रार
2. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
3. सभी राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव
4. कारपोरेट कार्य मंत्रालय में सभी क्षेत्रीय निदेशक/कंपनी रजिस्ट्रार/शासकीय समापक
5. रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण
6. सचिव, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण
7. रजिस्ट्रार, भारतीय प्रतिस्पर्धा अपीलीय अधिकरण
8. अध्यक्ष, भारतीय दिवाला और अक्षमता बोर्ड

**विषयः राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) में न्यायिक सदस्य के 03 (तीन) पदों तथा तकनीकी सदस्य के 04 (चार) पदों को भरने के संबंध में - ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने हेतु :-**

*****

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 410 के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) में लेवल-17 के वेतनमान [ 7वें सीपीसी के अनुसार, 2,25,000/- रुपये प्रतिमाह (नियत) तथा अन्य अनुमत्त भत्तों सहित ] में न्यायिक सदस्य के 03 (तीन) पदों तथा तकनीकी सदस्य के 04 (चार) पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन (**https://apptrbmembermca.gov.in/nclat** पोर्टल पर उपलब्ध) आमंत्रित किए जाते हैं। एनसीएलएटी का मुख्यालय दिल्ली में स्थित है। यदि एनसीएलएटी की अन्य बैंच देश में अन्य स्थानों पर स्थापित की जाती हैं तो चयनित उम्मीदवार को इन एनसीएलएटी बैंचों में सेवा करना अनिवार्य होगा तथा नियुक्ति के दायित्व में अखिल भारतीय स्थानांतरण निहित है। रिक्तियों की संख्या में बिना कोई पूर्व सूचना दिए परिवर्तन किया जा सकता है।

2. **अर्हताएं:** इन पदों के लिए अर्हताएं वित्त अधिनियम, 2017 (2017 का 7) की धारा 184 के अंतर्गत अधिसूचित अधिकरण, अपीलीय अधिकरण और अन्य प्राधिकरण (सदस्यों की अर्हताएं, अनुभव और अन्य सेवा शर्तें) नियम, 2017 की अनुसूची की क्रम सं. 13 में विहित प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित हैं :

(क) **न्यायिक सदस्य के लिए** :-

"न्यायिक सदस्य एक ऐसा व्यक्ति होगा जो किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश हो अथवा रहा हो या पांच वर्ष की अवधि तक राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण का न्यायिक सदस्य हो"

(ख) **तकनीकी सदस्य के लिए :-**

"तकनीकी सदस्य एक ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास विधि, औद्योगिक वित्त, औद्योगिक प्रबंधन या प्रशासन, औद्योगिक पुनर्संरचना, निवेश, लेखाकर्म अथवा कोई अन्य विषय जो केंद्रीय सरकार की राय में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के लिए उपयोगी है, में प्रमाणित अर्हता, सत्यनिष्ठा और विशेष ज्ञान तथा कम से कम 25 वर्षों का व्यावसायिक अनुभव हो"

3. एक ऐसा व्यक्ति एनसीएलएटी में सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जिसने ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को **50 (पचास वर्ष) की आयु [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 413(4)]** पूरी कर ली हो।

4. प्रत्येक सदस्य अपना कार्यभार संभालने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए पद पर बना रहेगा, परंतु वह पांच वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा। तथापि, नियुक्ति का कार्यकाल 67 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा के अध्यधीन है।

5. एनसीएलएटी में न्यायिक और तकनीकी सदस्यों का चयन माननीय उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका (सी) सं. 279/2017 (कुदरत संधु बनाम भारत संघ और अन्य) के दिनांक 09.02.2018 के आदेश द्वारा यथापरिभाषित अंतरिम खोज-सह-चयन समिति की अनुशंसाओं के पश्चात् किया जाएगा।

6. न्यायालय/सरकारी सेवा/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/अन्य संगठनों में कार्यरत व्यक्तियों के आवेदन ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख से दस दिन के भीतर उचित माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिएं। अग्रेषण अधिकारी यह भी प्रमाणित (अनुलग्नक-I में दिए गए प्रपत्र में) करें कि आवेदन में प्रविष्टियां अभिलेखों से प्रमाणित कर ली गई हैं और सही पाई गई हैं, और कि आवेदक के विरुद्ध

कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता कार्यवाही न तो लंबित है अथवा न ही किए जाने का विचार है और पिछले 10 वर्षों के दौरान इस अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति आरोपित नहीं की गई है। अग्रेषण अधिकारी को आवेदक के पिछले 5 वर्षों के अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर भी संलग्न करने होंगे। यदि चयनित व्यक्ति पहले से ही सरकारी सेवा में हो तो वह अपने मूल संवर्ग या मंत्रालय या विभाग, जैसा भी मामला हो, में धारणाधिकार रख सकता है जिसकी अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. इच्छुक व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए **13 मई, 2019 के 10:00 बजे पूर्वाह्न https://apptrbmembermca.gov.in/nclat** पोर्टल देखें। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए विस्तृत अनुदेश पोर्टल ("ऑनलाइन आवेदन करने संबंधी अनुदेश" शीर्षक के अंतर्गत) पर उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र भरते समय सभी अपेक्षित और संगत दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए जाने अनिवार्य हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख **13 जून, 2019 को 05:30 बजे अपराह्न** तक है।

**8. विधिवत् रूप से पूर्ण, और हस्ताक्षरित, तथा उचित माध्यम से, जहां भी लागू हो, आवेदन को ऑनलाइन पोर्टल पर अंतिम रूप से प्रस्तुत करने के पश्चात् आवेदन का प्रिंट आउट 24 जून, 2019 तक श्री अमर सिंह मीणा, निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कमरा सं. 530, 'ए' विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को पहुंच जाना चाहिए।**

भवदीय,

**(रियाज़ुल हक़)**
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष-2338 1349

प्रतिलिपिः

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली मुख्यालय के सभी अधिकारी, ।
2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, एमसीए को ऑनलाइन पोर्टल पर इस रिक्ति परिपत्र को अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
3. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. ई-गर्वनेंस सेल कारपोरेट कार्य मंत्रालय, को इस अनुरोध के साथ कि इस रिक्ति परिपत्र को मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।

<u>अनुलग्नक-I</u>

**(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाला प्रमाण पत्र)**

प्रमाणित किया जाता है कि ______________________________ द्वारा दिए गए विवरण सही हैं तथा वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव रखते हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) श्री/श्रीमती ................................. के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।
(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।
(iii) उनका सीआर/एपीएआर मूल रूप में संलग्न हैं/पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर की भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा अनुप्रमाणित प्रतियां संलग्न हैं।
(iv) "पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई प्रमुख/गौण शास्ति आरोपित नहीं की गई है।"
(v) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर आरोपित प्रमुख/गौण शास्तियों की सूची संलग्न है।

हस्ताक्षर .........................
नाम और पदनाम ...............................
दूरभाष ...........................

कार्यालय मोहर

स्थान :
दिनांक :

अनुलग्नकों की सूची :
1.
2.
3.
4.
5.
(जो लागू न हो उसे काट दें)